भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 15

02 फरवरी, 2024 को उत्तरार्थ

विषय: पाम ऑयल वृक्षारोपण के अन्तर्गत भू-क्षेत्र

15. श्रीमती फूलो देवी नेतम:

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) खाद्य तेल ऑयल पाम पर राष्ट्रीय मिशन योजना के अन्तर्गत कितने हेक्टेयर क्षेत्रफल पर पाम ऑयल वृक्षारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है; और

(ख) उक्त लक्ष्य की अनुपालना में कितने हेक्टेयर क्षेत्रफल पर पाम ऑयल वृक्षारोपण किया जा चुका है, तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (श्री अर्जुन मुंडा)

(क) एवं (ख): भारत सरकार ने वर्ष 2021 के दौरान पूर्वोत्तर राज्यों में 3.28 लाख हेक्टेयर और शेष भारत में 3.22 लाख हेक्टेयर के साथ ऑयल पाम वृक्षारोपण के तहत 6.50 लाख हेक्टेयर के अतिरिक्त क्षेत्र को कवर करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय खाद्य तेल-ऑयल पाम मिशन (एनएमईओ-ओपी) शुरू किया है। वर्तमान में यह योजना 15 राज्यों आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, तमिलनाडु, गुजरात, गोवा, कर्नाटक, केरल, ओडिशा, मिजोरम, नागालैंड, असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर और त्रिपुरा में कार्यान्वित की जा रही है।

वर्ष 2021-22 से 2023-24 तक एनएमईओ-ओपी के तहत ऑयल पाम क्षेत्र विस्तार के राज्य-वार लक्ष्य और उपलब्धियां **अनुबंध-I** में दी गई हैं।

रा.स.अता.प्र.सं.15

अनुबंध-I

एनएमईओ-ओपी के तहत राज्यवार ऑयल पाम क्षेत्र विस्तार लक्ष्य और उपलब्धि (एसीएच):

(क्षेत्रफल हेक्टेयर में)

क्र.सं.	**राज्य**	**2021-22**		**2022-23**		**2023-24**	
		लक्ष्य	**उपलब्धि**	**लक्ष्य**	**उपलब्धि**	**लक्ष्य**	**उपलब्धि***
1.	आंध्र प्रदेश	15000	11257	20000	13752	24000	15859
2.	छत्तीसगढ	500	424	1500	176	800	224
3.	गोवा	20	0	20	0	5	0
4.	गुजरात	500	58	500	0	100	0
5.	कर्नाटक	2000	1172	1735	848	2454	839
6.	केरल	152	105	1000	46	800	86
7.	ओडिशा	0	474	1500	483	1100	559
8.	तमिलनाडु	800	511	900	382	400	0
9.	तेलंगाना	8100	7286	71200	32949	80000	18240
10.	अरुणाचल प्रदेश	600	320	800	457	7000	1700
11.	असम	1500	0	4000	6	12000	0
12.	मणिपुर	150	0	500	0	1200	0
13.	मिजोरम	100	51	50	35	500	128
14.	नागालैंड	0	800	1500	703	5556	1389
15.	त्रिपुरा	0	0	530	0	2000	0
	कुल	**29422**	**22458**	**105735**	**49837**	**137915**	**39024**

*30 जनवरी 2023 तक की उपलब्धि।

****